मूल्य: एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह–पत्रिका, वर्ष–11, अंक–6, अगस्त 2010

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545

# एसोचैम– इण्डिया स्टील सम्मेलन

## कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने किया देश के स्टील क्षेत्र के लघु व मध्यम उद्योगों का प्रतिनिधित्व







देश के सुप्रतिष्ठित व्यवसायिक चैंबर्स में से एक एसोसिएटिड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ऑफ इण्डिया (**एसोचैम**) ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड की असाधारण सफलता के सूत्रधार कंपनी के चैयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल को "लघु व मध्यम उद्यमों का भारतीय स्टील व्यवसाय के विकास में महत्व" जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 11 अगस्त, 2010 को नई दिल्ली के होटल ली–मैरेडियन में आयोजित चतुर्थ इण्डिया स्टील सम्मेलन में बतौर वक्ता आमंत्रित किया।

श्री सतीश अग्रवाल के अतिरिक्त इस अवसर पर भारतीय स्टील उद्योग जगत के बड़े नाम जैसे जे.एस.डब्ल्यु. स्टील लिमिटेड के वी.सी. एण्ड एम.डी. श्री सज्जन जिंदल, टाटा स्टील लिमिटेड के एम.डी. श्री एच.एम. नेरूरकर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के चैयरमैन श्री सी.एस. वर्मा के अतिरिक्त केन्द्रीय स्टील राज्य मंत्री श्री ए. साई प्रताप, केन्द्रीय स्टील मंत्री श्री वीरभद्र सिंह, **एसोचैम** एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य कई मशहूर हस्तियाँ वहाँ मौजूद थी।

श्री सतीश अग्रवाल ने यहाँ कामधेनु इस्पात लिमिटेड के कम संसाधनों के साथ एक राष्ट्रीय ब्राँड के रूप में उभरने के कारकों पर अपने विचार रखे। उन्होंने स्टील क्षेत्र के छोटे एवं मध्यम कारोबारियों को आने वाली कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी दी। उनके अनुसार संस्थागत ऋण की उपलब्धता, कुशल मार्केटिंग नेटवर्क, तकनीकी जानकारी, ऊर्जा संवर्धी उत्पादन प्रक्रिया, प्रभावशाली ऋण वसूली व्यवस्था, निर्यात संबंधी सहयोग, कच्चे माल की उपलब्धता इत्यादि की कमी, ग्रीनफील्ड प्रोजेक्टस की शुरूआत में देरी और सीमित पहुँच कुछ ऐसी समस्याएं हैं जो वर्तमान में भारतीय स्टील क्षेत्र के सभी लघु व मध्यम उद्यमों के सामने आती हैं।

लघु व मध्यम उद्यमों के लिए मौजूद अवसरों के बारे में जानकारी देते हुए श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "लघु व मध्यम उद्यमों के लिए वर्तमान में अनेकों अवसर मौजूद हैं। उच्च आर्थिक वृद्धि दर, लौह अयस्क भण्डारों व किफायती श्रम शक्ति की पर्याप्त उपलब्धता, देश में उभरता हुआ उपभोक्तावाद व सरकार की हितकारी नीतियाँ कुछ ऐसे पहलू हैं जो अन्य देशों के लघु व मध्यम उद्यमों की तुलना में भारतीय उद्यमियों को विकास के अधिक अवसर प्रदान करते हैं।"

उन्होंने इस बात की भी चर्चा की किस प्रकार बड़े उद्यमों व सरकार के थोड़े से सहयोग से भारतीय स्टील क्षेत्र के लघु व मध्यम उद्यमों को और भी लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने लघु व मध्यम उद्यमों के लिए श्रम कानूनों, कर नीतियों और पर्यावरण संबंधी नीतियों मे राहत के अतिरिक्त सरकार से इनके लिए और अधिक आर्थिक व बौद्धिक सहयोग की भी अपील की। उन्होंने बड़े उद्यमों को भी यह सुझाव दिया कि किस प्रकार लघु व मध्यम उद्यमी उनके उत्पादों की मार्केटिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# डॉ. एस.वाई. कुरैशी बने भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त



महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल द्वारा 27 जुलाई, 2010 को 1971 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और चुनाव आयुक्त 63 वर्षीय डॉ. शाहबुद्दीन याकूब कुरैशी की भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति की गई। वे 29 जून, 2010 को सेवा निवृत्त होने वाले निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री नवीन चावला का दायित्व 30 अगस्त, 2010 से संभालेंगे। डॉ. कुरैशी की चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति 30 जून, 2006 को हुई थी। इससे पूर्व वे NACO के अध्यक्ष व खेल मंत्रालय में सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रह चुके हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त का पद भारतीय लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण पदों में से एक है और उन्हें अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने होते हैं। कामधेनु इस्पात लिमिटेड डॉ. कुरैशी को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देती है।

# स्वतंत्रता दिवस का जश्न



कामधेनु इस्पात लिमिटेड का प्रबल विश्वास है कि खुशहाल समाज उद्योगों के सतत विकास के लिए पहली शर्त है। कंपनी की समाजसेवी शाखा कामधेनु जीवनधारा समाज उत्थान के कार्य में कंपनी की सहभागिता को सुनिश्चित करती है।

इस प्रकार के ही एक प्रयास में कामधेनु जीवनधारा ने देश का 64वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2010 को गुड़गाँव के चक्करपुर क्षेत्र में आर्थिक रूप से पिछड़े स्कूली बच्चों के साथ मनाया। कामधेनु जीवनधारा ने यहाँ ध्वजारोहण के साथ अन्य कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कामधेनु जीवनधारा की अध्यक्षा श्रीमति राधा अग्रवाल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं।

बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए श्रीमति अग्रवाल ने कहा, "देश के भविष्य के बीच होना एक महान अनुभूति है। आप सभी को पढ़ाई के साथ सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कामधेनु जीवनधारा सदैव तत्पर है किन्तु मेहनत तो आप लोगों को ही करनी होगी।"

# चण्डीगढ़ में कार रैली का आयोजन

कामधेनु पेंट्स ने कार कंपनी 'शेवरोले' एवं हिन्दी दैनिक 'दैनिक भास्कर' द्वारा 22 अगस्त, 2010 को चण्डीगढ़ के होटल 'पार्क व्यू' में आयोजित '10वीं फैमिली फन कार रैली' का सह–प्रायोजन किया। इस रैली का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल माननीय श्री जगन्नाथ पहाड़िया द्वारा झण्डी दिखाकर किया गया। कामधेनु ग्रुप की ओर से जी.एम. (स्टील) श्री राकेश मिसरी, सीनियर मैनेजर–ब्रॉड प्रमोशन श्री चंदन गोस्वामी, ए.एम. श्री लवजीत सिंह व कंपनी के पंजाब में वितरक श्री मोहन अग्रवाल इस रैली में मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम का प्रायोजन करने के संदर्भ में श्री मिसरी ने कहा, "कामधेनु पेंट्स सदैव अपने प्रयासों से लोगों की जिंदगी में रंग भरने के लिए प्रयासरत रहती है। कंपनी सदैव इस प्रकार के अवसरों की तलाश में रहती है जिससे हम अपने ग्राहकों के करीब पहुँच सकें क्योंकि हम ब्रॉड 'कामधेनु' को लोगों की जिंदगी का अभिन्न अंग बनाना चाहते हैं।"




कार्यक्रम में सौहार्दपूर्ण प्रतियोगिता की भावना जागृत कर रैली को रोमांचक बनाने के लिए इसमें काफी पुरस्कार श्रेणियाँ रखी गई थी। सामान्य श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के अतिरिक्त 'बेस्ट ड्रैस्ड फैमिली', 'बेस्ट डेकोरेटेड कार' व 'लोएस्ट स्कोर' इत्यादि श्रेणियों में भी पुरस्कार दिये गये।

# कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मध्य-उत्तरी गुजरात का डीलर्स सम्मेलन मसूरी में









देश भर में अपने मार्केटिंग एवं वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के प्रयास के तहत कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने मध्य–उत्तरी गुजरात के अपने डीलर्स के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 4 अगस्त, 2010 को मसूरी के होटल "पार्क प्लाजा" में किया। इस बैठक में कामधेनु इस्पात लिमिटेड़ के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, जी.एम.– गुजरात श्री सुशील चौधरी, सीनियर मैनेजर श्री चंदन गोस्वामी तथा गुजरात में कंपनी की सहयोगी इकाई आशियाना रोलिंग मिल्स प्रा. लिमिटेड के निदेशक श्री डी.के. गोयल शामिल हुए। इनके अलावा मीटिंग में कंपनी के केन्द्रीय गुजरात के वितरक श्री हितेश भाई शाह व श्री मिहीर भाई शाह, सौराष्ट्र व कच्छ क्षेत्र के वितरक श्री मुकेश भाई एवं श्री राकेश भाई शाह और दक्षिणी गुजरात के वितरक श्री मनोज भाई सहित लगभग 100 विक्रेता भी उपस्थित थे।

कंपनी की मार्केटिंग नीतियों की जानकारी देते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "अपने वितरण नेटवर्क को मजबूत कर हम गुजरात में अपने ग्राहकों की संख्या में वृद्धि करना चाहते हैं। गुजरात देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में से एक है इसलिए यहाँ निर्माण क्षेत्र में विकास की ढेरों संभावनाएं मौजूद हैं। वर्तमान में इस राज्य में हमारी उत्पादन क्षमता करीब 8,000 मिट्रिक टन प्रति माह है जिसे हम निकट भविष्य बढती माँग को पूरा करने के लिए इसे करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का इरादा रखते हैं।" इस विषय पर आगे जानकारी देते हुए श्री डी.के. गोयल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड से हुए गठबंधन के वक्त हमारी उत्पादन क्षमता 5,000 मिट्रिक टन प्रति माह थी जो वर्तमान में 8,000 मिट्रिक टन है। क्षेत्र में हमारे उत्पादों की माँग को देखते हुए हम इसे बढ़ाकर जल्द ही 12,000 मिट्रिक टन प्रति माह तक करने की योजना बना रहे हैं।"

श्री सुशील चौधरी ने कंपनी के वितरकों की कंपनी व्यवसाय में उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान के लिए किए गये प्रयासों की प्रशंसा की। वितरकों ने भी कंपनी को उन्हें सामूहिक विकास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एक संगीतमय मनोरंजन कार्यक्रम का आयेजन भी किया गया। इ

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# लखनऊ क्षेत्र में कामधेनु पेंट्स के डीलर्स के शानदार प्रदर्शन का जश्न




कामधेनु पेंट्स द्वारा लखनऊ के 'होटल पिकेडली' में 7 अगस्त, 2010 को एक डीलर्स बैठक का आयोजन किया गया। डीलर्स को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित रखने के लिए कंपनी ने पिछले वर्ष के शानदार प्रदर्शन के लिए कंपनी ने उनमें से कई डीलर्स को पुरस्कृत भी किया। इस मीटिंग में कामधेनु पेंट्स के सी.डब्ल्यु.एम. श्री राजकुमार श्रीवास्तव, जी.एम. (स्टील) श्री वाई.एस. पंडिता, सी.एफ.ए. श्री रवि पुरी, ए.एस.एम.–लखनऊ श्री नीरज श्रीवास्तव, ए.एस.एम. –कानपुर श्री सुशील कुमार यादव व ए.एम. श्री लवजीत सिंह ने कामधेनु पेंट्स का प्रतिनिधित्व किया।

डीलर्स के प्रशंसनीय प्रयासों की सराहना करते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा, "कामधेनु पेंट्स आज देश की चुनिंदा ख्यातिप्राप्त पेंट कंपनियों में से एक हैं। इस सफलता का श्रेय सभी को मिलना चाहिए क्योंकि यह सफलता सभी के साझा प्रयासों का नतीजा है। हम अपने डीलर्स के प्रयासों के लिए तहे दिल से उनके आभारी हैं।"

मैसर्स यूनीक एण्टरप्राइजेज़ (सुल्तानपुर), मैसर्स वर्मा सैनेट्री एण्ड पेंट स्टोर, मैसर्स पंजाब हार्डवेयर पेंट स्टोर (रायबरेली), मैसर्स जायसवाल प्लाईवुड सेंटर, मैसर्स न्यू साहू स्टील एण्ड सीमेंट स्टोर, मैसर्स दुल्ली बाबू एण्ड सन्स, मैसर्स जैन पेंट्स एण्ड हार्डवेयर तथा क्लार्क पेंट हाउस को विभिन्न प्रकार के उत्पादों में सबसे अधिक बिक्री अर्जित करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

लखनऊ क्षेत्र के बेस्ट सपोर्टिंग डीलर्स का अवॉर्ड मैसर्स अग्रवाल ट्रेडर्स, मैसर्स भारत हार्डवेयर एण्ड पेंट/भारत एण्टरप्राइजेज, मैसर्स आदर्श हार्डवेयर एण्ड पेंट्स (बाराबंकी) तथा बालाजी पेंट्स एण्ड हार्डवेयर को संयुक्त रूप से इस क्षेत्र में कंपनी के उत्पादो की बिक्री बढ़ाने के में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया।

अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्थायित्व की क्षमता के कारण कामधेनु पेंट्स के ब्रॉड ***Colour Dreamz*** के उत्पाद देश भर के उपभोक्ताओं की पहली पसंद बनके उभरे हैं। अपने डीलर्स के मदद से कामधेनु पेंट्स इस क्षेत्र में बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा करने की योजना रखता है। इ

# भारत एक उभरती विश्व शक्तिः डेविड कैमरून



आर्थिक व सामरिक स्तर पर भारत की बढ़ती शक्ति का लोहा अब सम्पूर्ण विश्व मानने लगा है। दुनिया के ताकतवर से ताकतवर मुल्क भी अब विश्व में अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए भारत के सहयोग को आवश्यक मानते हैं। इसका उदाहरण गत जुलाई में दो दिवसीय भारत यात्रा पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्री डेविड कैमरून के व्यवहार में साफ दिखाई पड़ा।

ब्रिटेन से भारत आए इस वृहद प्रतिनिधित्व दल में प्रधानमंत्री श्री कैमरून के साथ अन्य कई आर्थिक व राजनैतिक विशिष्टजन मौजूद थे। श्री कैमरून ने राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह सहित देश के आर्थिक व राजनैतिक जगत की कई अन्य महत्वपूर्ण हस्तियों से मुलाकात की। अपने भाषण में उन्होंने माना कि भारत आज विश्व की सबसे तेजी से उभरती शक्तियों में से एक है जिसे कोई भी मुल्क दरकिनार नहीं कर सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती से वे काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि एशिया के इस भाग में शान्ति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है। खासतौर पर, भारत की इन बुलंदियों का बखान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के मुख से सुनकर हर भारतीय अपने को गौरवन्वित महसूस कर रहा है। इ

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री ब्रिजेश शाह**
**मैसर्स शाह किशोरकान्त छोटेलाल**
**हर्नी रोड, बड़ोदा**
**गुजरात**
**मो.: 9879630617**

**श्री धीरज भाई**
**मैसर्स श्री रघुवीर हार्डवेयर मार्ट**
**जूनागढ़**
**मो.: 9558825303**

**श्री सी. प्रकाश रेड्डी**
**मैसर्स अनन्तपुर स्टील एण्ड सीमेंट**
**9/175, आदिनारायण स्ट्रीट, सुभाष रोड़, अनन्तपुर**
**मो.: 9848079135**

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com